आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 12.10.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राज्य मिलेट मिशन योजना के अंतर्गत किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर 'श्री अन्न' की खरीद शुरू।
- केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से स्कूलों में प्रवेश और परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए यूपीआई अपनाने को कहा।
- प्रदेश की सभी सड़कों को जल्द गड्ढा मुक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा– सरकार जनता को सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।
- और... आगामी त्यौहारों के मद्देनज़र उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन का विशेष निरीक्षण अभियान जारी।

मिलेट्स खरीद शुरू

राज्य मिलेट मिशन योजना के अंतर्गत पर्वतीय क्षेत्रों के किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर खरीफ सत्र 2025–26 में मोटे अनाजों की खरीद शुरू कर दी गयी है। इस क्रम में चम्पावत जिले में कुल 22 क्रय केंद्रों पर फसलों की खरीद आरंभ हो गई है। जिले के सहायक निबंधक अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि योजना के अंतर्गत पर्वतीय क्षेत्रों में उत्पादित मंडुवा, झंगोरा, चौलाई, सोयाबीन और अन्य फसलों की खरीद की जा रही है।

सहायक निबंधक अधिकारी प्रेम प्रकाश ने सभी किसानों से अनुरोध किया कि वे अपनी उपज केवल सरकार द्वारा स्थापित क्रय केंद्रों पर ही विक्रय करें, ताकि वे बिचौलियों के शोषण से बच सकें और अपनी उपज का पूर्ण मूल्य सीधे प्राप्त कर सकें।

शिक्षा मंत्रालय

शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूलों से प्रवेश और परीक्षा शुल्क एकत्र करने के लिए यूपीआई अपनाने को कहा है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण करना है। राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और एनसीईआरटी, सीबीएसई, केवीएस और एनवीएस जैसी स्वायत्त संस्थाओं को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने स्कूलों में वित्तीय लेनदेन को सुव्यवस्थित करने के लिए यूपीआई अपनाने के लिए बल दिया है। यह कदम विधायी, नीतिगत और संस्थागत सुधारों के माध्यम से 'जीवन और स्कूली शिक्षा में आसानी' को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधम सिंह नगर जिले के पंतनगर में नकल विरोधी कानून, समान नागरिक संहिता और किसानों की प्रगति पर आधारित गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने विभिन्न विभागों और स्थानीय संगठनों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और स्थानीय उत्पादों की सराहना की। इस दौरान युवाओं ने नकल विरोधी कानून लागू करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए उन्हें जन–हितैषी और सशक्त नेतृत्वकर्ता बताया।

गड्ढा मुक्त

प्रदेश की सभी सड़कों को जल्द ही गड्ढा मुक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अब तक 52 प्रतिशत पैचवर्क का कार्य पूरा हो चुका है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में निर्माण और पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का शीघ्र पुनर्निर्माण किया जाए, ताकि स्थानीय जनता को राहत मिल सके।

मुख्यमंत्री ने क्षतिग्रस्त पुलों के त्वरित निर्माण और नए पुलों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने पर भी बल दिया।

श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार जनता को सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, और इसके लिए सभी विभागों को समन्वय तथा सजगता के साथ कार्य करना होगा।

समीक्षा

उत्तराखंड शासन के सचिव दिलीप जावलकर ने कल अल्मोड़ा स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों और बेस्ट प्रैक्टिस की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से आपदा प्रबंधन, सिंचाई, जलागम विकास और राजस्व विभाग की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली।

सचिव ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए ताकि जनता को अधिकतम लाभ मिल सके।

श्री जावलकर ने कहा कि जिले के विकास के लिए शासन स्तर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने जिलाधिकारी को लंबित कार्यों और आवश्यक मदद से संबंधित विवरण शासन को भेजने के निर्देश दिए ताकि उनका शीघ्र निस्तारण हो सके।

खाद्य पदार्थ

आगामी त्यौहारों के मद्देनज़र उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, पौड़ी जिले में जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशन में खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा विशेष निरीक्षण अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान पौड़ी, श्रीनगर और लक्ष्मण झूला क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में निरीक्षण और सैंपलिंग की कार्रवाई की गई। इस दौरान मिठाई, नमकीन, तेल, घी आदि उत्पादों की गुणवत्ता की जांच की गई तथा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत निर्धारित मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित किया गया। इस दौरान कई प्रतिष्ठानों को आवश्यक सुधार के लिए नोटिस जारी किए गए, ताकि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर किसी भी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

जागरूकता कार्यक्रम

देहरादून स्थित राजभवन में मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली, तनाव और प्रतिस्पर्धा के बीच मानसिक शांति बनाए रखना आज की सबसे बड़ी चुनौती है। यदि मन अस्थिर है तो शरीर भी स्वस्थ नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि आत्मचिंतन और आत्मसंवाद से ही हम अपने भीतर की शक्ति को पहचान सकते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि हमें जीवन जीने की कला 'आर्ट ऑफ लिविंग' सीखना जरूरी है। यह केवल ध्यान या योग का अभ्यास नहीं, बल्कि एक जीवन दृष्टि है जिसमें हम हर परिस्थिति में सकारात्मक बने रहना, दूसरों के प्रति सहानुभूति रखना और भीतर की शांति को बनाए रखना सीखते हैं।

इस जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने पैनल चर्चा की।

एशियन गेम्स

आगामी 22 से 30 अक्टूबर तक तृतीय यूथ एशियन गेम्स का आयोजन ओलम्पिक काउंसिल ऑफ एशिया की ओर से बहरीन में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड के एक बालक और एक बालिका का चयन भारतीय कबड्डी टीम के लिए किया गया है।

उत्तराखंड कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश जोशी ने बताया कि बालिका वर्ग में भूमिका हरिद्वार जिले के निरंजनपुर की रहने वाली है। वहीं, बालक वर्ग में चयनित राहुल बोरा वर्तमान में उधम सिंह नगर का निवासी है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक साथ प्रदेश के दो खिलाड़ियों का चयन पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है।

उत्तराखंड कबड्डी एसोसिएशन के सचिव चेतन जोशी ने बताया कि दोनों खिलाड़ी दिनांक 16 अक्टूबर को दिल्ली से बहरीन रवाना होगें।

जिला अस्पताल निरीक्षण

चम्पावत में रात्रिकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता जानने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रात्रिकालीन चिकित्सा सेवाओं की स्थिति, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं तथा चिकित्सकों और स्टाफ की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने आपातकालीन कक्ष, जनरल वार्ड, महिला वार्ड, नर्सिंग स्टाफ रूम और अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। वार्डों में भर्ती मरीजों और डॉक्टरों से बातचीत कर उन्होंने उपचार व्यवस्था की जानकारी ली, साथ ही अस्पताल में स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश भी दिए। अस्पताल में एडवांस लाइफ सेविंग एम्बुलेंस की आवश्यकता को देखते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इस संबंध में शासन स्तर पर कार्यवाही की जाएगी।